शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं । सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

भाषा की प्रकृति स्पष्ट करते हुए बालक के व्यक्तित्व विकास में भाषा की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

लिखित अभिव्यक्ति कौशल का महत्त्व समझाते हुए, लिखित रचना के किन्हीं पाँच प्रकारों की व्याख्या कीजिए ।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

साहित्य की प्रमुख विधाओं पर प्रकाश डालते हुए आत्मकथा तथा संस्मरण के उद्देश्य लिखिए ।

अथवा

भाषिक संदर्भ में क्रियात्मक शोध के विभिन्न क्षेत्र बताइए तथा क्रियात्मक शोध और मूलभूत शोध में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो ।

(क) संरचना की दृष्टि से वाक्य के प्रकार बताइए ।

(ख) अन्य भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य बताइए ।

(ग) हिन्दी शिक्षण में पाठ्यसहगामी क्रियाएँ तथा उनकी उपयोगिता बताइए ।

(घ) उपचारात्मक शिक्षण के उद्देश्य बताइए ।

(ङ) पुस्तक समीक्षा के प्रमुख सोपान स्पष्ट कीजिए ।

(च) मूल्यांकन की आधुनिक संकल्पना बताइए ।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

कविता शिक्षण का महत्त्व बताते हुए कक्षा नौ (9^{th}) के स्तर की किसी कविता की पाठ योजना तैयार कीजिए ।